**भारत सरकार**
**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या : 3336**
**दिनांक 12 मार्च, 2026**

**पेट्रोल और डीजल की खुदरा मूल्य संरचना**

**†3336. श्री कोडिकुन्नील सुरेशः**

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत बारह महीनों के दौरान देश में बेचे गए पेट्रोल और डीजल की लागत घटक का सामग्री-वार और घटक-वार ब्यौरा क्या है और कंपनी-वार सभी संभावित खर्च, कर और लाभ सीमा क्या है;

(ख) आईओसीएल, बीपीसीएल और एचपीसीएल जैसी प्रमुख ओएमसी के लिए पेट्रोल और डीजल के मूल्य निर्धारण घटकों में अंतर दर्शाते हुए मूल्य निर्धारण का सेवा प्रदाता-वार या कंपनी-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) विगत बारह महीनों के दौरान विभिन्न प्रमुख राज्यों और शहरों (उपभोग केंद्रों) में पेट्रोल और डीजल का औसत खुदरा मूल्य और शुद्ध मूल्य (कर-पूर्व) कितना है और राज्य कराधान उपभोक्ताओं के लिए अंतिम कीमतों को किस प्रकार प्रभावित करता है;

(घ) उक्त अवधि के दौरान देश द्वारा शोधन और घरेलू बाजार में आपूर्ति के लिए आयातित कच्चे तेल की देश-वार (प्रमुख आपूर्तिकर्ता) और मूल्य-वार मात्रा कितनी है; और

(ङ) सरकार द्वारा उपभोक्ताओं के लिए पेट्रोल और डीजल के खुदरा मूल्य को कम करने हेतु क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**
**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री सुरेश गोपी)**

(क) से (ङ): देश में पेट्रोल और डीजल के मूल्य बाजार द्वारा निर्धारित हैं एवं सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियाँ (ओएमसी) पेट्रोल और डीजल के मूल्यों पर उचित निर्णय लेती हैं।

सरकार पेट्रोलियम उत्पादों पर लागू कर संरचना को समायोजित करने के लिए आवश्यकतानुसार वित्तीय हस्तक्षेप करती है। केंद्र सरकार ने नवंबर 2021 और मई 2022 में दो चरणों में पेट्रोल और डीजल पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क में क्रमशः 13 रुपए प्रति लीटर और 16 रुपए प्रति लीटर की कमी की, जिसका पूरा लाभ उपभोक्ताओं को दिया गया। मार्च 2024 में, ओएमसी ने पेट्रोल और डीजल प्रत्येक के खुदरा मूल्यों में 2 रुपए प्रति लीटर की कमी की। लेकिन अप्रैल 2025 में, जब पेट्रोल और डीजल,प्रत्येक पर उत्पाद शुल्क में 2 रुपए प्रति लीटर की वृद्धि की गई तो इसका भार उपभोक्ताओं को नहीं डाला गया।

जनवरी-दिसम्बर 2025 के दौरान देश द्वारा आयातित कच्चे तेल की 248.6 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) मात्रा का मूल्य 10,94,414.60 करोड़ रुपए है।

चार महानगरों में दिनाँक 01.03.2025 और 01.03.2026 की स्थिति के अनुसार, पीएसयू ओएमसी द्वारा बिक्री किए गए पेट्रोल और डीज़ल के खुदरा विक्रय मूल्य (आरएसपी) का विवरण अनुलग्नक-I में दिया गया है। इसके अलावा, दिनाँक 01.03.2026 की स्थिति के अनुसार, उत्पाद शुल्क एवं अनुमन्य वैट के साथ पेट्रोल और डीजल के आरएसपी का राज्य-वार विवरण अनुलग्नक-II में दिया गया है।

*****

अनुलग्नक-I

"पेट्रोल और डीजल की खुदरा मूल्य संरचना" के संबंध में दिनांक 12.03.2026 को श्री कोडिकुन्नील सुरेश द्वारा पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3336 के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

## मेट्रो शहरों में पेट्रोल का आरएसपी

(रु./ लीटर)

| ओएमसी | दिल्ली | | मुंबई | | चेन्नई | | कोलकाता | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | दिनांक 01.03.2025 की स्थिति के अनुसार | दिनांक 01.03.2026 की स्थिति के अनुसार | दिनांक 01.03.2025 की स्थिति के अनुसार | दिनांक 01.03.2026 की स्थिति के अनुसार | दिनांक 01.03.2025 की स्थिति के अनुसार | दिनांक 01.03.2026 की स्थिति के अनुसार | दिनांक 01.03.2025 की स्थिति के अनुसार | दिनांक 01.03.2026 की स्थिति के अनुसार |
| आईओसीएल | 94.77 | 94.77 | 103.50 | 103.54 | 100.80 | 100.84 | 105.01 | 105.45 |
| एचपीसीएल | 94.81 | 94.81 | 103.49 | 103.49 | 100.79 | 100.79 | 104.99 | 105.40 |
| बीपीसीएल | 94.77 | 94.77 | 103.45 | 103.45 | 100.76 | 100.76 | 104.96 | 105.37 |

स्रोत: पेट्रोलियम प्लानिंग एंड एनालिसिस सेल (पीपीएसी)

## मेट्रो शहरों में डीजल का आरएसपी

(रु./ लीटर)

| ओएमसी | दिल्ली | | मुंबई | | चेन्नई | | कोलकाता | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | दिनांक 01.03.2025 की स्थिति के अनुसार | दिनांक 01.03.2026 की स्थिति के अनुसार | दिनांक 01.03.2025 की स्थिति के अनुसार | दिनांक 01.03.2026 की स्थिति के अनुसार | दिनांक 01.03.2025 की स्थिति के अनुसार | दिनांक 01.03.2026 की स्थिति के अनुसार | दिनांक 01.03.2025 की स्थिति के अनुसार | दिनांक 01.03.2026 की स्थिति के अनुसार |
| आईओसीएल | 87.67 | 87.67 | 90.03 | 90.03 | 92.39 | 92.39 | 91.82 | 92.02 |
| एचपीसीएल | 87.71 | 87.71 | 90.01 | 90.01 | 92.38 | 92.38 | 91.81 | 92.01 |
| बीपीसीएल | 87.67 | 87.67 | 89.98 | 89.98 | 92.35 | 92.35 | 91.77 | 91.97 |

स्रोत: पेट्रोलियम योजना और विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी)

अनुलग्नक - II

“पेट्रोल और डीजल की खुदरा मूल्य संरचना” के संबंध में दिनांक 12.03.2026 को श्री कोडिकुन्नील सुरेश द्वारा पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3336 के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

दिनांक 01.03.2026 को पेट्रोल और डीज़ल के खुदरा बिक्री मूल्य (आरएसपी)

(रु./लीटर)

| राज्य | संदर्भ शहर | पेट्रोल | | | डीज़ल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | उत्पाद शुल्क | वैट | आरएसपी | उत्पाद शुल्क | वैट | आरएसपी |
| दिल्ली | नई दिल्ली | 21.90 | 15.40 | 94.77 | 17.80 | 12.83 | 87.67 |
| पश्चिम बंगाल | कोलकाता | 21.90 | 21.08 | 105.45 | 17.80 | 13.85 | 92.02 |
| महाराष्ट्र | मुंबई | 21.90 | 24.00 | 103.54 | 17.80 | 15.18 | 90.03 |
| तमिलनाडु | चेन्नई | 21.90 | 21.34 | 100.84 | 17.80 | 17.57 | 92.39 |
| त्रिपुरा | अगरतला | 21.90 | 16.25 | 97.53 | 17.80 | 9.86 | 86.55 |
| मिजोरम | आइजोल | 21.90 | 17.86 | 99.06 | 17.80 | 11.38 | 87.92 |
| हरियाणा | अंबाला | 21.90 | 15.39 | 95.94 | 17.80 | 12.71 | 88.37 |
| कर्नाटक | बेंगलुरु | 21.90 | 22.74 | 102.96 | 17.80 | 15.45 | 90.99 |
| मध्य प्रदेश | भोपाल | 21.90 | 26.70 | 106.52 | 17.80 | 16.70 | 91.89 |
| ओडिशा | भुवनेश्वर | 21.90 | 21.24 | 101.11 | 17.80 | 17.44 | 92.69 |
| चंडीगढ़ | चंडीगढ़ | 21.90 | 12.48 | 94.30 | 17.80 | 5.16 | 82.45 |
| उत्तराखंड | देहरादून | 21.90 | 13.14 | 93.35 | 17.80 | 12.53 | 88.24 |
| गुजरात | गांधीनगर | 21.90 | 14.86 | 94.70 | 17.80 | 15.06 | 90.38 |
| सिक्किम | गंगटोक | 21.90 | 20.97 | 103.35 | 17.80 | 12.37 | 90.45 |
| असम | गुवाहाटी | 21.90 | 18.80 | 98.19 | 17.80 | 14.60 | 89.42 |
| तेलंगाना | हैदराबाद | 21.90 | 26.93 | 107.50 | 17.80 | 19.80 | 95.70 |
| मणिपुर | इम्फाल | 21.90 | 19.05 | 99.21 | 17.80 | 9.84 | 85.26 |
| अरुणाचल प्रदेश | ईटानगर | 21.90 | 11.01 | 90.87 | 17.80 | 5.09 | 80.38 |
| राजस्थान | जयपुर | 21.90 | 24.73 | 104.72 | 17.80 | 14.80 | 90.21 |
| पंजाब | जालंधर | 21.90 | 17.45 | 97.55 | 17.80 | 12.41 | 87.38 |
| नागालैंड | कोहिमा | 21.90 | 16.94 | 97.70 | 17.80 | 12.83 | 88.83 |
| उत्तर प्रदेश | लखनऊ | 21.90 | 14.85 | 94.69 | 17.80 | 12.44 | 87.81 |
| गोवा | पणजी | 21.90 | 16.74 | 96.43 | 17.80 | 13.12 | 88.20 |
| बिहार | पटना | 21.90 | 19.31 | 105.23 | 17.80 | 12.51 | 91.49 |
| पुदुचेरी | पुदुचेरी | 21.90 | 13.97 | 96.26 | 17.80 | 8.72 | 86.47 |
| अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | श्री विजया पुरम | 21.90 | 0.82 | 82.46 | 17.80 | 0.77 | 78.05 |
| छत्तीसगढ | रायपुर | 21.90 | 19.28 | 99.44 | 17.80 | 17.79 | 93.39 |
| झारखंड | रांची | 21.90 | 18.00 | 97.86 | 17.80 | 17.24 | 92.62 |
| मेघालय | शिलांग | 21.90 | 13.60 | 96.25 | 17.80 | 9.60 | 87.47 |
| हिमाचल प्रदेश | शिमला | 21.90 | 13.50 | 95.05 | 17.80 | 10.40 | 87.13 |
| जम्मू और कश्मीर | श्रीनगर | 21.90 | 17.51 | 100.70 | 17.80 | 8.61 | 86.88 |
| केरल | तिरुवनंतपुरम | 21.90 | 26.41 | 107.48 | 17.80 | 20.00 | 96.48 |
| दमन और दीव | दमन | 21.90 | 10.45 | 92.44 | 17.80 | 10.46 | 87.94 |
| लद्दाख | लेह | 21.90 | 15.00 | 102.35 | 17.80 | 5.28 | 87.45 |
| आंध्र प्रदेश | अमरावती | 21.90 | 29.06 | 109.74 | 17.80 | 21.56 | 97.57 |
| लक्षद्वीप | कवरत्ती | 21.90 | 9.16 | 100.75 | 17.80 | 8.70 | 95.71 |

स्रोत: पेट्रोलियम योजना और विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी)